web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 10 मार्च 2025 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 161

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

# तेलंगाना सुरंग त्रासदी : 16 दिन बाद मिला एक मजदूर का शव

## सरकार ने फंसे हुए मजदूरों तक पहुंचने के लिए अब रोबोट का सहारा लेने का लिया फैसला

**नागरकुरनूल** | आरएनएस



तेलंगाना के नागरकुरनूल में कृष्णा नदी पर बन रही एसएलबीसी सुरंग में फंसे आठ लोगों को बचाने के लिए 16 दिनों से चल रहे बचाव अभियान में रविवार को एक दुखद मोड़ आया, जब बचाव दल को सुरंग के अंदर एक शव मिला। शव मशीनरी में फंसा हुआ है और उसे निकालने के प्रयास जारी हैं।

लगातार असफल प्रयासों के बाद, सरकार ने फंसे हुए मजदूरों तक पहुंचने के लिए अब रोबोट का सहारा लेने का फैसला किया है। यह कदम सुरंग का एक हिस्सा 22 फरवरी को ढह जाने के बाद उठाया गया है, जिसके बाद से आठ मजदूर अंदर फंसे हुए हैं। बचाव प्रयासों में तेजी लाने के लिए केरल पुलिस के विशेष प्रशिक्षित शव खोजी कुत्तों को भी शामिल किया गया था, लेकिन उनसे भी कोई सफलता नहीं मिली।

राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), सेना और अन्य एजेंसियां युद्ध स्तर पर बचाव कार्य में जुटी हुई हैं और टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) के माध्यम से रास्ता बनाने का काम जारी है। हालांकि, सुरंग के भीतर फंसे श्रमिकों तक पहुंचने के लिए अब तक किए गए सभी प्रयास विफल रहे हैं। अब उम्मीदें रोबोट पर टिकी हैं, जिनसे बचाव दल को सफलता मिलने की उम्मीद है।

तेलंगाना के सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी ने कल सुरंग स्थल का दौरा कर बचाव अभियान की समीक्षा की थी। उन्होंने विभिन्न बचाव एजेंसियों के अधिकारियों के साथ स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को तत्काल सुरंग में रोबोट तैनात करने के निर्देश दिए। मंत्री ने यह भी बताया कि सरकार रोबोट विशेषज्ञों की सेवाएं लेगी और इस बचाव अभियान पर लगभग 4 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी स्थिति की गंभीरता को देखते हुए 11 मार्च को फिर से सुरंग स्थल का दौरा कर बचाव कार्यों की समीक्षा करेंगे। इससे पहले उन्होंने 2 मार्च को भी घटनास्थल का दौरा किया था।

सुरंग में फंसे लोगों को निकालने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं, और अब सभी की निगाहें रोबोट तकनीक पर टिकी हैं, जिससे इस मुश्किल बचाव अभियान में सफलता मिलने की उम्मीद है।

## 5 रुपए के गुटखे में केसर का स्वाद कैसे

# कोर्ट ने शाहरुख खान, अजय देवगन व टाइगर श्राफ को किया नोटिस जारी; मांगा जवाब



**नई दिल्ली** | आरएनएस

जिला उपभोक्ता आयोग-जयपुर द्वितीय ने गुटखे में केसर बताने संबंधी विज्ञापन को लेकर अभिनेता शाहरुख खान, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ तथा गुटखा कंपनी के चेयरमैन को नोटिस जारी कर 19 मार्च तक जवाब मांगा है। आयोग अध्यक्ष ग्यारसीलाल मीणा और सदस्य हेमलता अग्रवाल ने योगेन्द्र सिंह बडियाल के परिवाद पर यह आदेश दिया।

परिवाद में कहा कि जेबी इंडस्ट्रीज गुटखे का निर्माण कर उसे बाजार में सप्लाई करती है। तीनों अभिनेता इसकी बिक्री बढ़ाने के लिए विज्ञापन करते हैं। विज्ञापन में गुटखे के दाने-दाने में केसर का मिश्रण होने का दावा किया जाता है, जबकि केसर की कीमत करीब 4 लाख रुपए प्रति किलो है और गुटखा 5 रुपए में बिकता है। ऐसे में इसमें केसर मिलाना तो दूर उसकी खुशबू भी नहीं होती। भ्रामक विज्ञापन दिखाकर गुटखे की बिक्री बढ़ाकर निर्माता को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। अभिनेताओं की ओर से इस पान मसाले में दाने-दाने में केसर का दम दिखाकर भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। परिवाद में विज्ञापन पर रोक लगाने का आग्रह किया है।

# बड़ा हादसा: नहर में डूबने से तीन बच्चियों की मौत, दो शव बरामद, एक की तलाश जारी

**ढीमरखेड़ा(कटनी)** | आरएनएस



जिले के ढीमरखेड़ा के एक गांव में बड़ा हादसा हो गया। नहाने के दौरान नर्मदा नहर में डूबने से तीन बच्चियों की दर्दनाक मौत हो गई। दो शव बरामद कर लिया है। एसडीआरएफ की टीम तीसरे शव की तलाश कर रही है। इस हादसे के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

दरअसल घटना कटनी जिले की ढीमरखेड़ा तहसील के परसवारा गांव की है जहां तीन बच्चियों की नर्मदा नहर में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई। बच्चियों की नहर में डूबने की खबर से क्षेत्र में हडक़ंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दो बच्चियों के शवों को नहर से बाहर निकाल लिया है तीसरी बच्ची की तलाश जारी है। नहर में डूबने वाली बच्चियों में सिद्धि पटेल 12 साल, अंशिका पटेल 14 साल है। सिद्धि की छोटी बहन मानवी पटेल 8 साल की तलाश जारी है। तहसीलदार अजय मिश्रा ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा है। दो बच्चियों को नहर से निकाल लिया गया है एसडीआरएफ की टीम नहर में डूबने वाली तीसरी बच्ची की तलाश कर रही हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना से गांव में मातम छाया हैं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हैं

# चम्बा में 300 फुट खाई में गिरी कार, 3 लोगों की मौत, 3 गंभीर घायल

**चम्बा** | आरएनएस



भरमौर-चम्बा-पठानकोट एनएच पर कैरू पहाड़ में एक कार सडक़ से अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। इस दुर्घटना में कार में सवार 3 लोगों की मौत हो गई जबकि अन्य 3 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार रविवार को हिमाचल व जम्मू की सीमा के साथ सटे गांव बेही डेडरा डाकघर हट तहसील बहसौली जिला कठुआ से एक परिवार के 5 लोग कार चालक शंकर कुमार के साथ कार (जेके 08पी-7325) में सवार होकर वाया खैरी होते हुए पंजाब के दुनेरा में दवाई के लिए रवाना हुए थे। जब इन लोगों का वाहन कैरू पहाड़ के पास पहुंचा तो चालक ने कार से अपना नियंत्रण खो दिया। इसके चलते कार अनियंत्रित होकर करीब 300 फुट गहरी खाई में जा गिरी।

इस घटना की सूचना वाहन चालकों द्वारा स्थानीय लोगों व पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग, पुलिस दल व प्रशासन के कर्मी मौके पर पहुंचे, लेकिन खाई में गिरी कार तक पहुंचने का रास्ता न होने के कारण स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। कड़ी मशक्कत के बाद स्थानीय लोग व पुलिस दल जब घटनास्थल पर पहुंचे तो एक बच्चे और व्यक्ति की मौके पर ही मृत अवस्था में पाया जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हुए पाए गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस दल ने सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन अस्पताल ले जाते हुए एक महिला की भी मौत हो गई। वहीं तीन घायलों की स्थिति नाजुक होने के कारण उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद टांडा रैफर कर दिया गया है। पुलिस ने हादसे में मारे गए 3 लोगों के शव पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल चुवाड़ी भेज दिए हैं तथा घायल हुए एक व्यक्ति के बयान दर्ज कर हादसे की जांच शुरू कर दी है।

# बेंगलुरु हवाई अड्डे पर 3.4 करोड़ रुपए के सोने की तस्करी करते हुए दृष्टिहीन व्यक्ति गिरफ्तार

**बेंगलुरु** | आरएनएस



केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) पर कस्टम अधिकारियों ने 3.4 करोड़ रुपये मूल्य का सोना तस्करी करते हुए एक दृष्टिहीन व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी शनिवार को हुई, और यह सैंडलवुड अभिनेत्री रान्या राव की गिरफ्तारी के ठीक एक दिन बाद हुई है, जिनसे 12.56 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया गया था।

कस्टम विभाग के अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है। उन्हें 4 मार्च को दुबई से आने पर रोका गया था। अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि विशिष्ट जानकारी के आधार पर बेंगलुरु एयर कस्टम अधिकारियों ने इस यात्री को रोका। जांच के दौरान, उनके शर्ट के नीचे छिपाकर रखा गया 3,995.22 ग्राम सोना बरामद हुआ, जिसकी भारतीय बाजार में कीमत 3,44,38,796 रुपये है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के खिलाफ तस्करी का मामला दर्ज किया गया है।

यह गिरफ्तारी रान्या राव की हालिया गिरफ्तारी के बाद हुई है, जिन्हें राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने केआईए पर सोने की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था। रान्या दुबई से बेंगलुरु पहुंची थीं और उनके पास 14 किलोग्राम सोने की छड़ें मिलीं, जिन्हें उन्होंने एक बेल्ट में छिपाकर अपने शरीर से बांधा हुआ था। इसके अतिरिक्त, उनके पास 800 ग्राम सोने के आभूषण भी पाए गए थे।

रान्या राव को अदालत में पेश किया गया, जहां उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जांच अधिकारियों को संदेह है कि वह एक बड़े सोने की तस्करी गिरोह का हिस्सा हो सकती हैं जो बेंगलुरु हवाई अड्डे के माध्यम से सक्रिय रूप से काम करता है। उनकी बार-बार की जाने वाली अंतरराष्ट्रीय यात्राओं ने जांच एजेंसियों का ध्यान आकर्षित किया, क्योंकि उन्होंने इस साल की शुरुआत से 10 से अधिक बार विदेश यात्राएं की थीं। एक अधिकारी ने बताया कि डीआरआई को संदेह तब हुआ जब उन्होंने देखा कि रान्या लगातार छोटे अंतराल में खाड़ी देशों की यात्रा कर रही हैं। इसी कारण उन्हें ट्रैक किया जाने लगा।

जांच से पता चला है कि पिछले 15 दिनों में, रान्या ने चार बार उसी तरह से यात्रा की थी, और हर बार एक ही तरह की वेशभूषा में थीं, जिसमें उनकी बेल्ट छिपी रहती थी। अधिकारियों का मानना है कि दोनों गिरफ्तारियां आपस में जुड़ी हो सकती हैं और इस क्षेत्र में सक्रिय सोने की तस्करी के बड़े नेटवर्क का हिस्सा हो सकती हैं। कस्टम विभाग आगे की जांच कर रहा है।

यह खबर बेंगलुरु में सोने की तस्करी के मामलों में हालिया वृद्धि को उजागर करती है और हवाई अड्डों पर कड़ी निगरानी और सतर्कता की आवश्यकता को दर्शाती है।

## ईओडब्ल्यू का बड़ा एक्शन

# निलंबित डीएफओ और अन्य सरकारी अधिकारियों के ठिकानों पर छापे, बड़ी मात्रा में संपत्ति जब्त

**रायपुर** | आरएनएस

छत्तीसगढ़ में आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्य के विभिन्न जिलों में कई सरकारी अधिकारियों के परिसरों पर छापे मारे। गुरुवार तडक़े शुरू हुई इस कार्रवाई में निलंबित जिला वन अधिकारी (डीएफओ) अशोक पटेल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग आनंद सिंह और शिक्षा विभाग के श्याम सुंदर चौहान सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

ईओडब्ल्यू की टीमों ने रायगढ़, जगदलपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिलों में लगभग 14 ठिकानों पर एक साथ दबिश दी। सुबह 4 बजे शुरू हुई इस छापेमारी में ईओडब्ल्यू की लगभग 13 टीमें शामिल थीं। सूत्रों के अनुसार, अधिकारियों के आवासों से बड़ी संख्या में महत्वपूर्ण दस्तावेज, नकदी और बहुमूल्य आभूषण बरामद किए गए हैं। यह छापेमारी इन अधिकारियों और उनके सहयोगियों के खिलाफ भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के जवाब में की गई। विशेष रूप से, सुकमा के डीएफओ अशोक पटेल को हाल ही में राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया था, जिसके तुरंत बाद ईओडब्ल्यू टीम ने यह कार्रवाई की। ईओडब्ल्यू की इस राज्यव्यापी छापेमारी ने पूरे छत्तीसगढ़ में हलचल पैदा कर दी है। बताया जा रहा है कि आगे की कार्रवाई इन अधिकारियों के खिलाफ आरोपों पर उच्च अधिकारियों से दिशा-निर्देश प्राप्त होने के बाद तय की जाएगी।

# दम घुटने से 4 मजदूरों की हुई मौत, अंडरग्राउंड वाटर टैंक की सफाई के दौरान हुआ हादसा

**मुंबई** | आरएनएस

मुंबई के नागपाड़ा इलाके में रविवार को एक दर्दनाक घटना हुई, जिसमें एक निर्माणाधीन इमारत के पानी के टैंक की सफाई करते समय दम घुटने से चार श्रमिकों की मौत हो गई। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के अनुसार, यह दुखद घटना दोपहर लगभग 12:29 बजे मिंट रोड पर गुड लक मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास स्थित बिस्मिल्लाह स्पेस बिल्डिंग में हुई।

नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वे तुरंत हरकत में आए और बचाव दल को मौके पर भेजा गया। कर्मचारियों को पानी की टंकी से बाहर निकाला गया और इलाज के लिए जेजे अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उनमें से चार को मृत घोषित कर दिया।

मुंबई पुलिस ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह हादसा डिमटीमकर रोड पर मस्तान तालाब के पास स्थित बिस्मिल्लाह स्पेस नामक निर्माणाधीन इमारत में हुआ। पुलिस के अनुसार, सुबह करीब 11:00 से 11:30 बजे के बीच चार मजदूर भूमिगत पानी की टंकी में किसी काम के लिए उतरे थे, जहां दम घुटने से उनकी मौत हो गई। एक पांचवें व्यक्ति को भी टंकी से निकाला गया और इलाज के लिए जेजे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

पुलिस घटना की परिस्थितियों की गहन जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि दम घुटने का कारण क्या था और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया था या नहीं।

# बरसाना में धूमधाम से खेली गई लठ्ठमार होली, श्रद्धालुओं ने लिया रंगों और परंपरा का आनंद

**बरसाना** | आरएनएस



विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली का रंग आज उत्तर प्रदेश के बरसाना में पूरे उमंग और उत्साह के साथ बिखरा। राधारानी की नगरी में हजारों श्रद्धालु इस अद्भुत परंपरा का साक्षी बनने के लिए देश-विदेश से पहुंचे। यहां राधा बनीं बरसाना की हुरियारिनों (गोपियों) ने नंदगांव से आए कृष्ण रूपी हुरियारों पर जमकर लाठियां बरसाईं और इन हुरियारों ने भी ढाल से खुद को बचाने की कोशिश की। अबीर-गुलाल की रंगीन फुहारों, हंसी-ठिठोली, पारंपरिक लोकगीतों और भक्ति से सराबोर इस आयोजन का हर कोई जमकर आनंद लेता नजर आया।

यह परंपरा हजारों वर्षों से निभाई जा रही है। नंदगांव के हुरियारे पीली पोखर पहुंचते हैं, जहां उनका स्वागत ठंडाई और भांग से किया जाता है। यहां से वे रंगीली गली जाते हैं, जहां बरसाना की गोपियां पारंपरिक होली के गीत गाकर उन्हें रिझाने की कोशिश करती हैं। इसके बाद हंसी-मजाक, नृत्य-संगीत के बीच लट्ठमार होली का मुख्य आयोजन शुरू होता है।

इस दौरान नंदगांव से आए हुरियारे ढाल लेकर आते हैं और बरसाना की हुरियारिनें उन पर प्रेम और शरारत के साथ लाठियां बरसाती हैं। यह आयोजन राधा-कृष्ण के दिव्य प्रेम को समर्पित होता है, जिसे देखने के लिए श्रद्धालु हर साल बड़ी संख्या में यहां पहुंचते हैं।

बरसाना की इस अनोखी लट्ठमार होली को देखने के लिए देशभर से हजारों श्रद्धालु पहुंचे। बुजुर्ग, युवा और बच्चे सभी ने इस भव्य आयोजन का हिस्सा बनकर ब्रज की संस्कृति और भक्ति का आनंद उठाया। श्रद्धालुओं का मानना है कि यह सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि राधा-कृष्ण के प्रेम की अनूठी झलक है। मान्यता है कि इस अलौकिक होली को देखने के लिए स्वयं देवता भी ब्रज में आते हैं।

ब्रज में होली महज एक दिन का त्योहार नहीं, बल्कि पूरे 40 दिन तक इसका उल्लास बना रहता है। जब तक बरसाना की हुरियारिनें नंदगांव के हुरियारों पर लाठियों से होली नहीं खेलतीं, तब तक इस उत्सव की पूर्णता नहीं मानी जाती। रंगों और भक्ति की इस अद्भुत परंपरा ने एक बार फिर श्रद्धालुओं को प्रेम और आनंद से सराबोर कर दिया।

## अंतर्राष्ट्रीय

### अमेरिका में हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ को लेकर भारत में गुस्सा

**न्यूयॉर्क** । भारत ने अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक हिंदू मंदिर में हुई तोडफ़ोड़ की निंदा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों से जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की अपील की। जायसवाल ने एक बयान में कहा,हमने कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर में हुई तोडफ़ोड़ के बारे में रिपोर्ट देखी है। हम इस तरह के घृणित कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। हम स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों से इन कृत्यों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और पूजा स्थलों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं। कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में स्थित सबसे बड़े हिंदू मंदिरों में से एक, बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर में 'भारत विरोधी' संदेश लिखकर तोडफ़ोड़ की गई। 'हिंदू विरोधी' संदेशों में 'हिंदू वापस जाओ' जैसे वाक्यांश शामिल थे, जिससे स्थानीय हिंदू समुदाय चिंतित हो गया। अमेरिका के लिए बीएपीएस के आधिकारिक पेज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर घटना का विवरण साझा करते हुए कहा कि वे 'नफरत को कभी जड़ नहीं जमाने देंगे' तथा शांति और करुणा कायम रहेगी। एक्स पोस्ट में, बीएपीएस पब्लिक अफेयर्स ने लिखा, एक और मंदिर का अपवित्रीकरण, इस बार चिनो हिल्स, सीए में, हिंदू समुदाय नफरत के खिलाफ डटकर खड़ा है। चिनो हिल्स और दक्षिणी कैलिफोर्निया में समुदाय के साथ मिलकर, हम कभी भी नफरत को जड़ नहीं जमाने देंगे। हमारी साझा मानवता और आस्था यह सुनिश्चित करेगी कि शांति और करुणा बनी रहे।

### पाकिस्तान में अफगानी लोगों के कैंप में बड़ा हादसा, घर की छत गिरने से बच्चों समेत 6 लोगों की मौत

**कराची** । रविवार को कराची के बाहरी इलाके में एक अफगान शिविर में एक दर्दनाक घटना हुई, जिसमें एक घर की छत गिरने से महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम छह लोगों की जान चली गई। एआरवाई न्यूज ने बताया कि यह त्रासदी गुलशन-ए-मयमार इलाके के जंजाल गोथ अफगान कैंप में तडक़े सुबह हुई। पुलिस के अनुसार, इस दुखद घटना में चार लोग घायल भी हुए हैं। पीडि़त परिवार, जो खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू का रहने वाला था, उस समय अपने घर में था जब छत अचानक गिर गई। अधिकारी वर्तमान में छत गिरने के पीछे के कारणों की जांच कर रहे हैं। यह दुखद घटना ऐसे समय में हुई है जब पाकिस्तान सरकार ने पाकिस्तान में रह रहे अफगान नागरिकों के लिए एक सख्त समय सीमा जारी की है। शनिवार को, पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने घोषणा की कि अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) धारकों को 31 मार्च, 2025 तक देश छोडऩा होगा। मंत्रालय ने स्पष्ट रूप से कहा कि 1 अप्रैल से अफगान नागरिकों का निर्वासन शुरू हो जाएगा।

### महिलाओं को नंगा कर घुमाया, बीच सड़क पर लोगों को मारी जा रही गोलियां; सीरिया में 2 दिनों में 1000 लोगों की मौत

**दश्मिक।** सीरिया में हुए हिंसक संघर्षों में 1000 से अधिक लोग मारे गए। सुरक्षा बलों और पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के समर्थकों के बीच संघर्ष के दौरान हिसा हुई थी। यह हिंसा तब शुरू हुई जब वर्तमान सरकार के पक्ष में गोलियां चलाने वाले बंदूकधारियों ने पूर्व राष्ट्रपति असद के प्रति वफादार अलावित अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ बदले की भावना से हत्या की शुरुआत की। सीरियाई मानवाधिकार वेधशाला ने कहा कि संघर्षों में 745 नागरिक मारे गए, जिनमें से अधिकांश को नजदीक से गोलियों से मारा गया था। इसके अलावा, 125 सरकारी सुरक्षा बलों के सदस्य और असद से जुड़े सशस्त्र समूहों के 148 उग्रवादी भी मारे गए हैं। असद शासन के दौरान अलावितों को सेना और अन्य उच्च पदों पर प्रमुख स्थान मिला था। हालांकि, तीन महीने पहले नए शासन की शुरुआत के साथअलावित समुदाय को बार-बार उनके पूर्व राष्ट्रपति से जुड़े होने के कारण निशाना बनाया गया है। ब्रिटेन स्थित सीरियाई मानवाधिकार वेधशाला ने कहा कि हिंसा के साथ-साथ कई अलावित बहुल क्षेत्रों में बिजली और पीने का पानी भी काट दिया गया है। गांवों के लोगों ने एपी को बताया कि समुदाय के कई घरों को लूटा गया और फिर आग लगा दी गईलेबनान के राजनेता हैदर नासिर अपने देश की संसद में अलावित समुदाय के लिए निर्धारित दो सीटों में से एक पर बैठते हैं।